मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, दिल्ली, ठाणे, पालघर, राजस्थान, लखनऊ, इलाहाबाद, वाराणसी, जौनपुर, भदोही, रायबरेली, प्रतापगढ़, आजमगढ़, अहमदाबाद, मेरठ में वितरित



# मेट्रो दिनांक

राष्ट्रीय हिंदी साप्ताहिक

महाराष्ट्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

संपादक- दीनानाथ एम. तिवारी

Website : www.metrodinank.com

Email : metrodinank@gmail.com

RNI No. : MAHHIN/2009/35355 POST REGD.NO : MH/MR/NW-143/2018-20

वर्ष : ११ अंक :४९ मुंबई, शुक्रवार, २० सितंबर से २६ सितंबर २०१९ पृष्ठ : ४ कीमत : दो रुपये



## संक्षिप्त न्यूज

### 'नया भारत विशेषांक' का लोकार्पण समारोह

हिंदी विवेक मासिक पत्रिका तथा एच. जे. दोशी घाटकोपर हिंदूसभा हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 24 सितंबर 2019, मंगलवार को शाम 6 बजे "नया भारत विशेषांक" का लोकार्पण समारोह ससमीरा कालेज, वरली (मुंबई) में आयोजित किया गया है। प्रस्तुत कार्यक्रम में समारोह अध्यक्ष के रूप में रा. स्व. संघ के अखिल भारतीय सम्पर्क प्रमुख श्री अनिरुध्द देशपांडे, प्रमुख अतिथि (नि.) लेफ्टिनेंट जनरल तथा अध्यक्ष - फिन्स डॉ. दत्तात्रेय शेकटकर, विशेष अतिथि के रूप में विवेक समुह के प्रबंध सम्पादक श्री दिलीप करंबेलकर, एच. जे. दोशी घाटकोपर हिंदूसभा हॉस्पिटल के ट्रस्टी अध्यक्ष श्री मगनलाल दोशी को सादर आमंत्रित किया गया है।

गणमान्य विशिष्ट जनों के साथ साथ इस कार्यक्रम में हिन्दुस्थान प्रकाशन संस्था के अध्यक्ष श्री रमेश पतंगे, हिंदी विवेक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री अमोल पेडनेकर, कार्यकारी सम्पादक पल्लवी अनवेकर उपस्थित रहेंगी/कार्यक्रम सन्दर्भित किसी भी जानकारी हेतु एच. जे. दोशी घाटकोपर हिंदूसभा हॉस्पिटल के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. वैभव देवगिरकर से मोबाइल क्रमांक 9869697958 पर संपर्क किया जा सकता है।

### व्यवहार में बना रहना चाहिए दलित शब्द : आठवले

**मुंबई :** रिपब्लिकन पार्टी के नेता और केंद्रीय राज्य मंत्री रामदास आठवले ने कहा कि सरकारी रिकॉर्ड में जाति का उल्लेख करते वक्त दलित शब्द का पहले भी उपयोग नहीं होता था, ऐसे में सरकारी रिकॉर्ड में दलित शब्द पर प्रतिबंध लगाना ठीक है, लेकिन आम बोलचाल और मीडिया में दलित शब्द के उपयोग पर प्रतिबंध नहीं लगाना चाहिए। बुधवार को राज्य सरकार ने एक परिपत्र निकालकर दलित शब्द के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया था। इसके बाद आठवले ने यह मांग की। उन्होंने कहा कि दलित शब्द सैकड़ों सालों से जारी समाजिक असमानता की पीड़ा को दर्शाता है। ऐसे में हमने भारतीय दलित पैंथर संगठन की स्थापना की थी। बोलचाल में, भाषण में, समाचार पत्र, मीडिया में दलित शब्द के उपयोग पर प्रतिबंध ठीक नहीं है। व्यवहार में दलित शब्द होना चाहिए, जबकि सरकारी दस्तावेजों में पहले से ही अनुसूचित जाति शब्द का इस्तेमाल किया जा रहा है।

### नाबालिग ने किया नाबालिग से दुष्कर्म

**मुंबई:** बांगुर नगर पुलिस स्टेशन की हद में 15 साल के एक लड़के पर 9 साल की लड़की का शारीरिक शोषण करने का आरोप लगा है। पुलिस आरोपी लड़के को हिरासत में लेकर घटना की जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि पीड़िता आरोपी के घर डीवीडी प्लेयर लेने गई थी। उस दौरान आरोपी ने उसके साथ गलत हरकत की।

### 34 लाख के गुटखे समेत 2 गिरफ्तार

**मुंबई:** प्रतिबंधित तंबाकू जनित सामानों की खरीद-बिक्री करने के आरोप में मुंबई क्राइम ब्रांच की यूनिट 10 ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके नाम जगदीश गुप्ता (23) और जितेंद्र गुप्ता (19) हैं। दोनों के पास से पुलिस को करीब 34 लाख रुपये का प्रतिबंधित गुटखा एवं अन्य सामान मिला है। कार्रवाई को यूनिट 10 के प्रभारी इंचार्ज सुनील माने को अंजाम दिया।

# महाराष्ट्र में चुनावी शंखनाद

## कश्मीर पर विपक्ष के बयान का विदेशों में हो रहा इस्तेमाल-मोदी

**दीनानाथ तिवारी**

**नासिक :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक रैली को संबोधित कर रहे हैं। यहां वे महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए बीजेपी के चुनाव प्रचार अभियान को शुरू करेंगे। इसके अलावा वे महजनादेश यात्रा का समापन भी करेंगे। बता दें कि ये यात्रा राज्य से मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस ने शुरू किया था। गौरतलब है कि बीते 12 दिनों में ये दूसरी बार है जब प्रधानमंत्री नरेंद्र महाराष्ट्र में हैं। इससे पहले 7 सितंबर को उन्होंने मुंबई और औरंगाबाद का दौरा किया था। यहां उन्होंने कई विकासीय परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया था।

-पीएम मोदी ने कहा कि नासिक की पवित्र धरती से मैं देशभर में बयान बहादुरों से हाथ जोड़कर विनती करता हूं कि प्रभु श्रीराम के खातिर भारत की न्याय प्रणाली के प्रति अपनी श्रद्धा रखें।

-मोदी ने कहा कि टूरिज्म के साथ यहां उद्योगों को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है, मेक इन इंडिया के अभियान को भी नाशिक और महाराष्ट्र में गति मिल रही है। आने वाले समय में नाशिक भारत की सुरक्षा के साजो सामान का निर्माण करने वाला अहम सेंटर बनने वाला है। यहां डिफेंस इनोवेशन हब बने इसपर काम चल रहा है

-पीएम मोदी ने कहा कि यहां नासिक में ही आप देख सकते हैं कि कैसे देश के दूसरे हिस्से से यहां की कनेक्टिविटी को मजबूत किया जा रहा है। यहां के हवाई अड्डे को उड़ान योजना से जोड़ा गया है। साथ ही, स्वदेश दर्शन योजना के तहत नाशिक को रामायण सर्किट में शामिल किया गया है

-पीएम मोदी ने कहा कि बीते 5 वर्ष में भाजपा की सरकारों ने महाराष्ट्र को विकास का डबल इंजन दिया है। यहां युवाओं के लिए रोजगार के नए



अवसर बनाने पर बल दिया है। महाराष्ट्र में हैरिटेज टूरिज्म की संभावनाओं को तराशा जा रहा है।

-पीएम मोदी ने कहा कि साल 2022 तक भारत को सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्त करने का अभियान भी तेजी से चल रहा है। 2 अक्टूबर तक, जब राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयंति देश मना रहा है, तब तक बड़ी मात्रा में प्लास्टिक से जुड़े कचरे से हमें देश को निजात दिलानी है।

-पीएम मोदी ने कहा कि देश की गरीब बहनों को धुएं से मुक्ति के मिशन का पहला पड़ाव हमने पूरा कर लिया है। कुछ दिन पहले औरंगाबाद में ही देश का 8 करोड़वां उज्जवला गैस कनेक्शन दिया गया है।

-पीएम मोदी ने कहा कि देश के हर गरीब परिवार को अपना पक्का घर देने के संकल्प को पूरा करने के लिए हम तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। महाराष्ट्र सहित पूरे देश में करीब 2 करोड़ आवास बन चुके हैं।

-पीएम मोदी ने कहा कि इस धरती ने ज्योतिबा फुले, सावित्री बाई फुले, डॉक्टर बाबा साहेब आंबेडकर जैसे अनेक समाज सुधारकों को गढ़ा है। इन्होंने भारत में सामाजिक समरसता की भावना विकसित की, गरीब, वंचित, पीड़ित, शोषित को सम्मान के साथ जीने के लिए प्रेरित किया।

-पीएम मोदी ने कहा कि महाराष्ट्र की इस धरती ने स्वातंत्र्यवीर सावरकर जैसे महान सपूत को जन्म दिया है। स्वतंत्रता के लिए हर यातना को मुस्कराहट के साथ सहने वाले सावरकर ने हमें राष्ट्रवाद के अभूतपूर्व संस्कार दिए हैं

-पीएम मोदी ने कहा कि महाराष्ट्र की इस भूमि की विशेषता है कि यहां हमारी आस्था की विरासत तो है ही, वीरता और राष्ट्रभक्ति का भी स्वर्णिम इतिहास रहा है। छत्रपति शिवाजी महाराज ने स्वराज्य का संकल्प लेकर, मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सब कुछ न्योछावर करने का आदर्श हमारे सामने रखा था।

-लेकिन ये पूरा महाराष्ट्र जानता है, पूरा भारत जानता है, पूरी दुनिया जानती है कि आतंक की फैक्ट्री कहां पर है और जुल्म और शोषण की तस्वीरें कहां से आती हैं: पीएम मोदी

-कांग्रेस की कन्फ्यूजन तो मुझे समझ आती है, लेकिन शरद पवार जैसा अनुभवी नेता जब कुछ वोट के लिए गलत-बयानी करने लगे, तब दुख होता है। शरद पवार जी को पड़ोसी देश अच्छा लगता है, वो उनकी मर्जी है। वहां के शासक-प्रशासक उनको कल्याणकारी लगते हैं, ये भी उनका अपना आकलन है: पीएम मोदी

# मुंबई में बड़े धूमधाम के साथ भगवान गणपति को श्रद्धालुओं ने दी बिदाई

**मंजु तिवारी**

**मुंबई,** मुंबई में ढोल ताशे की धुन और हर्षोल्लास से गणेश विसर्जन के साथ गणेशोत्सव का समापन हुआ, गणेश चतुर्थी से अनंत चतुर्दशी तक विराजे भगवान गणपति की विदाई के समय बच्चे से लेकर बूढे तक झूमते नाचते गणपति बाप्पा मोरया... का जय जयकार लगाते हुए दिखाई पड़े। सौभाग्य के देवता भगवान गणेश सभी धार्मिक कार्यों में सबसे पहले पूजे जाते हैं। भक्त अपने परिवार की सुख और शांति के लिए गणेशोत्सव में मनुहार करते हैं। यही वजह है कि पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष अधिक गणेश भगवान की प्रतिमाएं स्थापित की गयी थी, विसर्जन के अगले ही दिन से समुद्र तटों और विसर्जन स्थलों को साफ करने का सिलसिला भी शुरू हो गया। कई जगह से तय सीमा से अधिक शोर शराबे की खबरें आई तो कई जगहों पर गैर कानूनी पंडाल लगाये जिन पर न्यायालय ने फटकार लगायी है, हालांकि इस सबके बीच १० दिनों का यह त्योहार शांतीपूर्ण तरीके से सम्पन्न हो गया और गणेशोत्सव के दौरान ११ दिनों तक पुलिसकर्मी बंदोबस्त में व्यस्त रहे। इसलिए जिन पुलिस स्टेशनों में गणपति भगवान रखे गये थे, उनमें से कुछ का शुक्रवार के दिन विसर्जन हो पाया।

मुंबई के कोने-कोने से गणपति भगवान का दर्शन आये लोगों को राजनैतिक पार्टियों के अलावा भारी संख्या में सामाजिक संस्थाएं खाने की सामग्री (शेष पृष्ठ ४ पर...)




## ३० वर्षो से लागातार तिवारी परिवार गणेश भक्तों को वडापाव वितरित करती आ रही है - राम भाई पाल

**इस मंच पर गणेश भक्तों के अलावा, आमदार, खासदार, नगरसेवक और समाजसेवकों का किया जाता है सम्मान-हर हर महादेव**

**बाप्पा से मेरी विनती है कि गणेश भक्तों का सेवाभाव का कार्य हमेशा चलता रहे - बद्री विशाल तिवारी**

## जब तक भगवान की कृपा हम सब के ऊपर बनी रहेगी, हम आगे लेकर चलते रहेंगे - राजेश भाई पाल

**मेट्रो दिनांक संवाददाता**

**मुंबई,** मुंबई में पिछले दस दिन पहले मुंबई वासियों ने गणपति बाप्पा का स्वागत करते हुए मंडलों के अलावा घरों तक में लाते हैं। ठीक ११ दिन बाद ढोल ताशे की धुन पर नाचते बड़े हर्षोल्लास के साथ गणपति बाप्पा के विसर्जन के साथ गणेशोत्सव का समापन करते हुए बाप्पा सहित उनके भक्तों का स्वागत करते हैं। इस दौरान बाप्पा के विसर्जन में उनके भक्त भारी संख्या में शामिल होते हैं।

बाप्पा के भक्त मूर्ति के साथ नाच गाकर जयकारा लगाते चलते हैं, जिसमें भक्तों को भूख, प्यास भी लगती है, इसको देखते हुए मुंबई के कोने-कोने से कई राजनैतिक पार्टियों एवं सामाजिक संस्थाओं के द्वारा तरह-तरह की जलपान की व्यवस्था गणेश भक्तों के किया जाता हैं। ठीक इसी प्रकार से मालाड पश्चिम स्थित मीठ चौकी के पास

(शेष पृष्ठ ४ पर...)

## संपादकीय

# पाक के नापाक मंसूबे

पाक लगातार सीमा पर गोलीबारी कर रहा है। कोई दिन ऐसा नहीं गुजर रहा, जब पाकिस्तान की ओर से गोलीबारी नहीं हो रही हो। इससे सीमाई इलाकों में दहशत का माहौल है और लोग डरे हुए हैं। भारत के



विदेश मंत्रालय ने बताया है कि इस साल पाकिस्तान ने दो हजार पचास बार संघर्षविराम का उल्लंघन किया है। जाहिर है, पाकिस्तानी फौज भारत को उकसाने के लिए गोलीबारी, मोटारों से हमले और आतंकवादियों की घुसपैठ कराने जैसी रणनीति पर काम कर रही है। भारत और पाकिस्तान के बीच 2003 में संघर्षविराम समझौता हुआ था और दोनों देशों ने यह तय किया था कि उकसावे के लिए कोई भी पक्ष अपनी ओर से पहले गोलीबारी नहीं करेगा, लेकिन सीमापार से होने वाली अनवरत गोलीबारी इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि पाकिस्तान के लिए इस समझौते का कोई मतलब नहीं है। पाकिस्तान के लिए संघर्षविराम समझौता एक तरह से बेमानी है। कई बार तो सीमाई इलाकों में हालात इतने गंभीर हो जाते हैं कि जान बचाने के लिए लोगों को गांव छोड़ने तक को मजबूर होना पड़ जाता है और सुरक्षित ठिकाने तलाशने पड़ते हैं। इस साल अब तक भारतीय सीमा में स्थित गांवों में इक्कीस लोग पाकिस्तानी फौज की गोलियों का शिकार हो चुके हैं। संघर्षविराम के उल्लंघन की बढ़ती घटनाएं बता रही हैं कि बौखलाया हुआ पाकिस्तान कश्मीर में अस्थिरता पैदा करने के लिए किस सीमा तक जा सकता है। यह बात किसी से छिपी नहीं है कि सीमा पर लगातार गोलीबारी के पीछे सबसे बड़ा मकसद भारत के सैन्य बलों का ध्यान बंटा कर आतंकवादियों को भारतीय सीमा में घुसाना है। इसीलिए पाकिस्तानी फौज नियंत्रण रेखा और सीमा पर बनी भारतीय चौकियों को निशाना बनाए हुए है। यूं भी पाकिस्तान भारत में हर तरफ से आतंकी घुसपैठ की साजिश रचता रहा है। पिछले दिनों ही पाक अधिकृत कश्मीर से लगी नियंत्रण रेखा से तीस किलोमीटर पहले पाकिस्तान ने दो हजार सैनिक और पांच सौ प्रशिक्षित कमांडो तैनात किए हैं। इनकी मदद से आतंकियों को कश्मीर घाटी में घुसपैठ कराने की योजना है। समुद्र के रास्ते भी आतंकियों की भारत में घुसपैठ की खबरें आ रही हैं। गुजरात के सरक्रीक क्षेत्र में भी पाकिस्तान सेना ने विशेष बलों को तैनात किया है, ताकि उस रास्ते भी भारत में आतंकियों की घुसपैठ कराई जा सके, लेकिन सबसे ज्यादा आसान और संवेदनशील इलाका जम्मू-कश्मीर से लगती सीमा है। भारतीय सेना, सुरक्षा बलों और जम्मू-कश्मीर पुलिस के लिए इस वक्त सबसे ज्यादा चिंता की बात कश्मीर घाटी में मौजूद आतंकी हैं। घाटी में करीब ढाई सौ आतंकी मौजूद हैं। सेना और पुलिस ने भी इस बात को माना है कि अकेले श्रीनगर शहर में चौबीस से ज्यादा आतंकी हैं, जो किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं। हालांकि श्रीनगर में चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा बलों और सेना के जवानों की मौजूदगी का दावा किया जा रहा है। फिर भी इतनी कड़ी सुरक्षा में श्रीनगर के राज बाग, जवाहर नगर, लाल चौक सहित कई इलाकों में आतंकी स्थानीय लोगों और दुकानदारों को धमकाते फिर रहे हैं। जब तक सभी आतंकियों और उनके सरपरस्तों का सफाया नहीं हो जाता, तब तक उनके खिलाफ सख्त अभियान जारी रहना चाहिए। पाक एक ऐसा नापाक शत्रु है, जो दगाबाजी और वादाखिलाफी के लिए कुख्यात है। उस पर कभी एतबार नहीं किया जा सकता।

# गणेश विसर्जन के दिन ठक्कर फाउंडेशन ने रचा इतिहास, हजारों गणेश भक्तों को बांटा फल

## राजनैतिक पार्टियां, समाजसेवकों व गणेश भक्तों ने की सराहना

**पूजा पाण्डेय**

**मुंबई ।** मुंबई के कोने-कोने में गणपति भगवान के विसर्जन के दिन राजनैतिक पार्टियों के अलावा सामाजिक संस्थाओं ने तरह-तरह के खाद्य पदार्थ गणेश मंडलों द्वारा गणेश भक्तों को बांटे जाते हैं। मगर मालाड (प.) मार्वे रोड पर गणेश विसर्जन के दिन ठक्कर फाउंडेशन की टीम ने एक नया इतिहास रचा, जिसको देखकर हर राजनैतिक पार्टियों के नेता, समाजसेवकों और पत्रकारों ने भूरि-भूरि सराहना की है। जब मेट्रो दिनांक समाचार पत्र के पत्रकार ने ठक्कर फाउंडेशन के अध्यक्ष राजेंद्र ठक्कर से पूछताछ किया तो उन्होंने बताया कि हमें भगवान ने सब कुछ दिया है। मैं गणेश भगवान के विसर्जन के दिन पहली बार फल बांटने का कार्यक्रम कर रहा हूं। इसमें पहले हम कई राजनैतिक पार्टियों और सामाजिक संस्थाओं को आर्थिक मदद देकर गणेश भक्तों के लिए खाने की सामग्री बांटने में मदद करते थे।





इसके अलावा हम आंखें चेक करने की मशीनें, डायलिसीस, गरीब मरीजों को दवा, स्कूली बच्चों को नोटबुक और मेडिकल कैंप गरीब परिवार को शादी में मदद करना, स्कूली बच्चों का फीस भरना, विधवा महिलाओं को कपड़ा, अनाज इत्यादि सामग्री बांटने से हमें अपार खुशी मिलती है। इस वर्ष ठक्कर फाउंडेशन कोर टीम के पदाधिकारी भूषण कोली, समीर पंचामिया, विरेंद्र चौधरी, एस. एस. मारवाह, अंकित बंका, एडवोकेट बिपिन दुबे, एडवोकेट जितेंद्र शाह, मोहन भाई और ठक्कर फाउंडेशन टीम के पदाधिकारी नितिन दुबे, श्रीकांत जायसवाल, मीत टांक, संतोष गनगन, सुमित जायसवाल, विकास जायसवाल, सुरेन गोहनिया, अमन राठौड, भुमेश पटेल, राहुल कुर्सेना, ऋषभ बगाडी, निलेश यादव, राहुल झा, राहुल जेठवा, विशाल पटेल, नितिन हिंगमेरे, हिरेन पोपट, कृष्णा जायसवाल, जितू सोनी, राजेंद्र गुप्ता के अलावा हमारे ठक्कर फाउंडेशन के कई विंग हैं। जिसके पदाधिकारी दिपक सिंह, अशोक गुप्ता, देव सिंह, अंकित सिंह, उभय सिंह, दिनेश यादव, अरविंद यादव, आकाश यादव विशाल यादव, सुनील यादव, अजय सिंह, अखिलेश सिंह, शिव यादव, टुन्नु सिंह, सोनू सिंह, धीमंत भाई, जितेंद्र चौरसिया, यश टांक, मेहुल ठक्कर, प्रविण ठक्कर, पवन स्वामी, नामदेव सावंत, विकास गोहनियां, सुनिल गोहनियां, अशोक राज चिट्टी, योगेश जोशी, उमर, किरन परब, राजेश सुबोध कवत्कर, नासिर भाई, धनवीर सन्नी गुप्ता, रवि सोलंकी, कमल सर, अमित सावला, सुनिल कवने, अहमद बैग, योगेश कदम, दर्शना खामकर, भवन शरम, आर्य कदम, सुखदा म्हाडगुट, बाबजी वर्दन, सागर गिरीश जाधव, प्रिया सालवी, विजय सिंह, उदय मिठा,सुहास बने, संतोष तेंडुलकर, संदीप, मिथुन, नफीस, सुन्दर, अजित, विकास, सोनू, रवि चुन्नी इत्यादि ठक्कर फाउंडेशन परिवार की एक चर्चा हुई, जिसमें निर्णय लिया गया कि इस वर्ष हम सब मिलकर गणेश भक्तों को कलिंगर, तरबुज, केला, पपईया, पेर, सेब, अनानस,चिकू इत्यादि फल अपने फाउंडेशन के सहयोगियों द्वारा बांटा जायेगा। हम भी पूरे तन,मन, धन के साथ भगवान गणपति बप्पा की विदाई में लगे, जिसमें लगभग पचास हजार प्लेट फल बांटा गया। इस शुभ अवसर पर पुलिस प्रशासन के अलावा कई पार्टी के नेता, समाजसेवक हमारे बीच आकर हमारे फाउंडेशन के लोगों का उत्साह बढ़ाने का काम किया। हम और हमारे पदाधिकारियों ने आये हुए अतिथियों को पुष्पगुच्छ देकर सम्मान किया और फल के छिलके निकाले, वे हमारे टीम के लोगों ने हमारे साथ गौ शाला में गाय को अपने हाथ से खिलाने का काम किया। हमारा पूरा कार्यक्रम हमारे फाउंडेशन के बल पर पूर्ण रूप से सफल रहा और हम सभी को पूरी संतुष्टि मिली। गौरतलब है कि ठक्कर फाउंडेशन की सुरक्षा टीम की बहुत बड़ी भूमिका थी, लोगों को लाईन तक पहुंचाने व फल खाने व उनको पूरी तरह से देखभाल किये, चोर उचक्कों की दाल तक नहीं गलने दिया।

गणेश भक्तों ने पूछताछ के दौरान बताया कि ठक्कर फाउंडेशन ने पूरा एक नया इतिहास रच दिया कि, आज के समय में सबसे महंगा और स्वास्थ्य उपयोगी फल बांटा जो हर भक्तों ने एक नहीं कई प्लेट ले-ले कर खाये। बाकी पार्टियों द्वारा वडापाव, तेल की सामग्री बांटी गई, जो कि कई घंटों का बनाया हुआ था। पाव तो ऐसा था कि जो रद्दी क्वालिटी का था। मगर भोली भाली जनता मुफ्त में मिला खा रही थी और कुछ लोग तो खराब पाव और मात्र आलू नमक डाला वडा देख लेने के बाद भी रोड पर फेंक देते थे और कुछ स्थानों पर फरसाण, बांटा जा रहा था, जो कई महीनों का बनाया हुआ था। उसमें दुर्गंध जैसा बास आ रहा था। भक्तों ने यह भी कहा जहां वडापाव सामने बनाये जा रहे थे, बांटे जा रहे थे, वह अच्छा था, बिस्कीट भी अच्छा था। मगर ठक्कर फाउंडेशन द्वारा बांटा गया फल सबसे अच्छा था, हम गणेश भक्तों ने खूब खाया और दिल से ठक्कर फाउंडेशन के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं के लिए भगवान गजानन से मांग करता हूं कि यह फाउंडेशन दिन दूना रात चौगना तरक्की और विकास करते हुए ऊंचाई पर जाकर फाउंडेशन का नाम रोशन करे और फिर अगले वर्ष पुन: सभी गणेश भक्तों को और भी ज्यादा फल वितरण करें।

# उफनाती गंगा में समाए पांच घर

**उरुवा के नरवर चौकठा गांव में गंगा के किनारे घर को खाली करते लोग**

**बस्ती के लोगों में डर, हर कोई हैरान व परेशान**

**कटान की वजह से गंगा में अब तक समा चुके है एक दर्जन घर**

**विस्थापित लोगों ने प्राथमिक विद्यालय में जमाया डेरा**

**लवकुश तिवारी**

**मेजा :** गंगा के तेज कटान को देखते हुए निषाद बस्ती के बाद अब तिवरियान बस्ती में भी खतरा उत्पन्न हो गया है। जिस प्रकार से उफनाती गंगा तेजी से करार को काट रही है उसे देख कर हर कोई हैरान एवं परेशान है। मौके पर पहुंचे एसडीएम मेजा डीएस पाठक ने निषाद बस्ती के बाद अब तिवरियान बस्ती को भी खाली कराने का निर्देश दे दिया है। प्रशासन के इस फैसले को लेकर हर कोई डरा एवं सहमा हुआ है। चौकठा गांव में मंगलवार की शाम को पांच घर उफनाती गंगा में समा गए। गंगा के कटान को देखते हुए गांव की तिवरियान बस्ती को भी खाली करने का निर्देश दे दिया गया है। साथ ही जिनके घर गंगा में समा गए उन्हें गांव




स्थित प्राथमिक विद्यालय में रखा गया है।

बता दें कि मोड होने के कारण गंगा पिछले एक दशक से नरवर चौकठा के करार को लगातार काट कर गांव की तरफ बढ़ रही है। यही कारण है कि कारर पर बसे एक दर्जन से भी ज्यादा मकान अब तक गंगा नदी में समा चुके हैं। एक सप्ताह पहले भी करार पर बने दो कच्चे मकान गंगा में समाहित हो गये थे। जिसके बाद ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान राधेश्याम तिवारी की अगुवाई में एसडीएम मेजा को शिकायती पत्र देकर जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई थी। लेकिन जब कोई सुनवाई नहीं हुई तो सोमवार की शाम को गांव के आक्रोशित लोगों ने डिघिया चौराहे पर जाम लगा दिया। ग्रामीणों का कहना था कि या तो किसी तरह से गंगा के कटान को रोका जाए या उन्हें जमीन एवं आवास मुहैया कराया जाए। एसडीएम मेजा डीएस पाठक ने किसी तरह से लोगों को समझा बुझा कर जाम खुलवाया। गांव के प्रधान राधेश्याम तिवारी ने कहा कि गंगा के कटान ने अब विकराल रूप धारण कर लिया है, पिछले एक सप्ताह के दौरान जितना करार गंगा में समाया है, उतना पिछले पांच सालों में नहीं गिरा था। लगातार हो रहे कटान को लेकर गांव में हड़कंप मचा हुआ है।


## भारतीय सेवा महासंघ मुंबई (रजि.) (एन.जी.ओ.)

*न्याय धर्म की लड़ाई में हमेशा तत्पर रहनेवाला, कानूनी सलाह में सहयोग देनेवाला सामाजिक संस्था (एन.जी.ओ.) भारतीय सेवा महासंघ मुंबई चौबीसो घंटे आपके साथ है। ।*


भारतीय सेवा महासंघ, मुंबई (रजि.)
महाराष्ट्र सरकार मान्यता प्राप्त रजि. क्रं. १४८/१९९९
(जी.बी.एस.डी.) Sr. No.001
नाम : दीनानाथ तिवारी
पता : जय बजरंगबली वेल्फेअर एशोसिएशन, गांधी नगर, कटिंग नं. १०, कुरार व्हिलेज, मालाड (पूर्व), मुंबई - ४०० ०९७.
पद : राष्ट्रीय अध्यक्ष
समाप्ति अवधी : १०/१२/२००८ से १०/१२/२०१३ तक

**विशेष** - जिस किसी महिला, पुरुष नवयुवक, नवयुवती को सदस्य/ पदाधिकारी बनना चाहते तो साथ में सदस्य शुल्क चार फोटो व स्थानीय/ स्थायी पता, संपर्क नंबर लाना ना भूले ।

**भारतीय महासंघ मुं. का सदस्यता अभियान व पदाधिकारी की नियुक्ति के साथ ही सात परिचय पत्र 'आयकार्ड' (आलेख पत्र) देने का अभियान शुरु**

**विशेष जानकारी के लिए संपर्क -**
**जय बजरंग बली, वेलफेअर एसोसिएशन गांधीनगर नं. 10, कुरार विलेज मालाड (पूर्व) 97 फोन नं. 022-29656280, 9821287905**

राष्ट्रीय अध्यक्ष- दीनानाथ तिवारी (वरिष्ठ पत्रकार), महाराष्ट्र अध्यक्ष-राजेश बाबू, राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष-मंजु तिवारी, मुंबई अध्यक्ष- डॉ. आर.एम. तिवारी, महिला मुंबई अध्यक्षा- पूजा पाण्डेय, महासचिव- विजय प्रकाश मिश्रा, राजेश यादव (पत्रकार), उपाध्यक्ष- कमलेश दुबे, उपेन्द्रमणि पाण्डेय, कोषाध्यक्ष- प्रमोद पाण्डेय, संगठन मंत्री- शेषधर दुबे, ठाणे जिला अध्यक्ष शिवशंकर शुक्ला (वरिष्ठ पत्रकार), थाना जिलाउपाध्यक्ष पप्पू खान वरिष्ठ नेता, रामजी शुक्ला, सैलराज मिश्रा, चंद्रसेन सिंह, खुशियाल शुक्ला, पवन गुप्ता, हीरालाल धिमर, मनोज चौधरी सहित समस्त पदाधिकारी एवं कई हजार सदस्य गण आपका हार्दिक स्वागत करते है।।


## प्रेमिका के लिए चचेरे भाई की कर दी थी हत्या

**प्रतापगढ़,** प्रेमिका से विवाह करने की राह में रोड़ा बने चचेरे भाई को युवक ने बहनोई के साथ मिलकर मार डाला। शव नहर में फेंकने के कारण नहीं मिल सका। हत्या में प्रयुक्त चाकू व मृतक की चप्पल बरामद हुई। लालगंज पुलिस ने सर्विलांस टीम की मदद से घटना का अनावरण करते हुए प्रेमिका समेत तीन लोगों को जेल भेज दिया। घटना का खुलासा करने में पुलिस काफी दिनों से मशक्कत कर रही थी। लालगंज कोतवाली के मादामई निवासी कप्तान सरोज पुत्र रामफल सरोज 15 जुलाई को घर से गायब हो गया था। इस बात की सूचना रामफल ने 27 जुलाई के दिन पुलिस को दी। पुलिस ने अपहरण का मुकदमा दर्ज कर खोजबीन शुरू कर दी। विवेचना के दौरान लालगंज पुलिस ने सर्विलांस टीम की मदद ली। लालगंज कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक अपराध ने बताया कि कप्तान सरोज के चाचा बाबूलाल का बेटा मनीष सरोज गांव की ही सोनम सरोज पुत्री केशलाल से प्यार करता था।


## आवश्यकता है

**मुंबई, ठाणे, कल्याण, नवी मुंबई, पालघर, इलाहाबाद, वाराणसी, भदोही, जौनपुर, प्रतापगढ, आजमगढ़, लखनऊ इत्यादि जिलों से अंशकालिक संवाददाताओं की आवश्यकता है। संपर्क करें :**

**संपर्क : मो. ९८२१२८७९०५, ९३२२२४८३५३-९१६७००९६२९**

**Email : metrodinank@gmail.com**

## Advertisment Rates

**Rs. 1000/- 1 Month (Five lines)**
**Rs. 3000/- 2 Month+1 Month (Five lines)**
**Rs. 3000/- 3 Month+2 Month (Five lines)**

| Size | B/W (Rs.) | 4 Col. (Rs.) |
|---|---|---|
| Full Page | 30,000 | 50,000 |
| Half Page | 16,000 | 30,000 |
| Quarter Page | 8,000 | 16,000 |
| V card size | 4,000 | 9,000 |

**MEMBERSHIP**
5 Year - 1000 Life time - 3000
Note : Please Issue Cheque, Cash & DD in the name of "Metro Dinank"



**प्रकाशक, मुद्रक- श्रीमती मंजू दीनानाथ तिवारी द्वारा स्वामी एवं संपादक- दीनानाथ एम.तिवारी, द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस 7, उद्योग भवन, शर्मा इंडस्ट्रियल इस्टेट, बालभट्ट रोड गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 63 मुद्रित तथा जय बजरंगबली चाल कमेटी, गांधी नगर, कुरार विलेज मालाड (पूर्व), मुंबई- 97 से प्रकाशित। संपादक -** दीनानाथ एम. तिवारी, **कार्यकारी संपादक-** कर्ण हिन्दुस्तानी, **उपसंपादक-** शिवशंकर तिवारी, संतोष तिवारी, राजेश पाल **संरक्षक-** वसंत सेठिया, शैलेश देसाई, दयाराम पाल, राजेंद्र आर. पाल, जया पेंगल, राजकुमार यादव, सुशील पाण्डेय (सी.ए.) - **चीफ एड डिपार्टमेन्ट-** निलेश पांडे **वितरक-**सुचित कुमार (मंत्रालय, पुलिस, मनपा, रेलवे, ओल्ड कस्टम हाऊस)

**उत्तर प्रदेश ब्यूरो चीफ :** बी. के. मिश्रा / सी. एस. तिवारी
**कानून सलाहकार-** डी.के. पाण्डेय, एड. किशोर डेढिया, जे.पी. शर्मा, एस.के. दुबे, के.के. शुक्ला, **संपर्क : टेलीफैक्स 022-29656280,**
**मो. 9821287905, 9322248353-9167009629**
**Email : metrodinank@gmail.com**
**Post Regd.NoMH/MR/NW~-143/2009**
**नोटिस, नामपरिवर्तन, गजट, व्यवसायिक विज्ञापन आदि छपवाने के लिए संपर्क करें**

# अयोध्या मामले में नवंबर तक आ सकता है फैसला



**नई दिल्ली :** अयोध्या मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा दलीलें पूरी करने के लिए डेडलाइन तय किए जाने से नवंबर तक फैसला आने की उम्मीद बढ़ गई है। चीफ जस्टिस रंजन गोगोई ने बुधवार को 18 अक्टूबर तक दलीलें पूरी करने की डेडलाइन तय कर दी। मध्यस्थता की कोशिशों पर सुप्रीम कोर्ट ने साफ कहा कि इसे समानांतर रूप से जारी रखा जा सकता है पर इसके लिए सुनवाई को रोका नहीं जाएगा।

**शनिवार को भी सुनवाई को तैयार सुप्रीम कोर्ट**

दोनों पक्षों के वकीलों राजीव धवन और सीएस वैद्यनाथ के द्वारा दिए गए टेंटेटिव अवधि को देखने के बाद सीजेआई ने कहा कि ऐसा लगता है कि अयोध्या मामले की सुनवाई 18 अक्टूबर 2019 तक पूरी हो जाएगी। सीजेआई ने कहा कि सभी पक्ष अपनी दलीलें 18 अक्टूबर तक पूरी कर लें। उन्होंने संकेत दिया कि अगर समय कम रहा तो हम शनिवार को भी मामले की सुनवाई कर सकते हैं। दरअसल, अयोध्या भूमि विवाद की सुनवाई अगर 18 अक्टूबर तक पूरी हो जाती है, तो सुप्रीम कोर्ट को जजमेंट लिखने में 1 महीने का समय लगेगा। ऐसे में माना जा रहा है कि नवंबर महीने में कभी भी देश की राजनीतिक और सामाजिक व्यवस्था के लिहाज से संवेदनशील इस मामले पर फैसला आ सकता है।

बता दें कि सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस 17 नवंबर को रिटायर होने वाले हैं। ऐसे में उनके रिटायरमेंट से पहले फैसला आने की संभावना बढ़ गई है। यही नहीं, सुप्रीम कोर्ट ने हर दिन सुनवाई को एक घंटा बढ़ाने और यदि जरूरत हो, तो शनिवार को भी सुनवाई किए जाने का सुझाव दिया है। सीजेआई रंजन गोगोई ने कहा कि 18 अक्टूबर तक दलीलें और सुनवाई पूरी हो जानी चाहिए, ताकि फिर फैसला लिखा जा सके। इस पर मुस्लिम पक्ष ने 27 सितंबर तक अपनी दलीलें खत्म करने की बात कही है। इसके बाद हिंदू पक्ष ने सवाल जवाब में 2 दिन और लगने की बात कही है। वहीं, मुस्लिम पक्ष के वकील राजीव धवन ने कहा कि हमें भी 2 दिन और सवाल-जवाब के लिए लगेंगे। इस तरह दोनों पक्षों की दलीलों पूरी होने के बाद 4 दिन सवालजवाब में लगेंगे।

**मध्यस्थता पर बोले चीफ जस्टिस, साथ-साथ जारी रखिए**

चीफ जस्टिस ने कहा कि हमें मध्यस्थता के लिए पत्र मिला है। इन कोशिशों को सुनवाई से अलग समानांतर तौर पर जारी रखा जा सकता है। बता दें कि सुन्नी वकफ बोर्ड और निवार्णी अखाड़ा ने पत्र लिखकर मध्यस्थता पैनल से एक बार फिर से बातचीत के जरिए मसले को हल करने की कोशिशें करने की बात कही थीं।

# महिला सहयोगी प्रशिक्षण शिबीर




**मुंबई :** अखिल भारतीय कांग्रेस सेवा दल के अध्यक्ष सम्माननीय श्री लालजी देसाई जी के आदेशानुसार मुंबई प्रदेश महिला कांग्रेस सेवा दल की तरफ से तीन दिवसीय महिला प्रशिक्षण शिविर का आयोजन दिनांक 13/9/2019 से 15 /9/2019 तक " संदेश कालेज ऑफ लॉ,"टागोर नगर, विक्रोली पूर्व, मुंबई - 400083 मे किया गया. उपर्युक्त कार्यक्रम शिविराधिपति अखिल भारतीय कांग्रेस सेवादल के सचिव श्रीमती कल्पना भटनागर जी के नेतृत्व में राष्ट्रीय सचिव मुंबई प्रभारी श्री शंकर गौडा पाटिल जी की उपस्थिति में मुंबई प्रदेश कांग्रेस सेवादल कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष श्री कमला प्रसाद यादव की देखरेख में मुंबई प्रदेश महिला अध्यक्ष श्रीमती विजया साल्वी के परामर्ष पर प्रदेश महिला उपाध्यक्ष श्रीमती जयश्री रणदिवे ने शिविर का आयोजन किया. शिविर के प्रथम दिन बिधिवत ध्वजवंदन के बाद शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि संदेश कालेज के संस्थापक एवं प्रमुख ट्रस्टी सम्माननीय श्री बाळासाहेब म्हात्रे द्वारा सेवादल के संस्थापक नारायण सुब्बाराव हार्डीकर जी की प्रतिमा पर पुष्पहार अर्पित कर बन्देमातरम गीत से शुरू हुआ. श्री म्हात्रे जी ने अपने सम्बोधन में कांग्रेस मे सेवादल की ऐतिहासिक भूमिका पर प्रकाश डाला. शिविर के दूसरे दिन मुंबई कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री बिरेन्द्र बक्षी जी ने धारा 370 की पूरी जानकारी दी. इस पूरे शिविर के दौरान दिल्ली से पधारे विशेष प्रशिक्षक श्री सुरेश शर्मा जी, श्री राकेश मिश्रा,एवं श्री विनोद नायर ने बूथ मैनेजमेंट, इफेक्टिव स्पीकिंग, कांग्रेस का इतिहास एक्टिव, तर काही लिसनिंग घोटालो के बारे में मिथ्या इत्यादि विषयों पर शिविरार्थियो को जानकारी दी शिविर के समापन के दिन 15/9/2019 को मुंबई कांग्रेस के आदरणीय अध्यक्ष श्री एकनाथ गायकवाड जी ने शिविरार्थी महिला कार्यकर्ताओ को सम्बोधित करते हुये कहा कि मैं कांग्रेस का हर पदाधिकारी सेवादल की ट्रेनिंग अवश्य ले एवं सेवादल को चुनाव मे भी हिस्सेदारी मिले. अंत में राष्ट्रगान के साथ शिविर का समापन संपूर्ण हुआ. उपर्युक्त शिविर मे प्रदेश उपाध्यक्ष श्री नरेश दळवी, ध्वजप्रभारी श्री के. बी. सिंग,प्रदेश जनरल सेक्रेटरी श्री अशोक मेहरल व जिला अध्यक्ष श्री रमेश रापेल्ली,जिला अध्यक्ष श्री रमेश विश्वकर्मा ,महिला जिला अध्यक्ष श्रीमती कुन्दा कापडेकर महिला जिला अध्यक्ष श्रीमती सावित्री विश्वकर्मा, यंग ब्रिगेड को कोऑर्डिनेटर श्री शैलेश चौरसिया, कैप्टन राव , श्री समसन साळ्वे, श्री गुरजित सिंग, श्री सुरेश विश्वकर्मा, श्री अनिल, कू. कल्पना जाधव, श्रीमती सुनिता कांबले, रिंकू खरवार एवं पदाधिकारियो का सराहनीय योगदान रहा.

# आरे कारशेड को लेकर शिवसेना और राकांपा में टकराव



**मुंबई :** गोरेगांव स्थित आरे में मेट्रो कारशेड बनाने का विवाद बढ़ता ही जा रहा है। गुरुवार को वृक्ष प्राधिकरण की बैठक में शिवसेना के सदस्यों ने इस मुद्दे पर जमकर हंगामा किया। बैठक में प्राधिकरण समिति अध्यक्ष एवं मनपा आयुक्त प्रवीणसिंह परदेशी के समक्ष ही स्थाई समिति अध्यक्ष यशवंत जाधव और राकांपा नगरसेवक कप्तान मलिक के बीच अपशब्दों का उपयोग हुआ। इस दौरान भाजपा के सदस्य मूक दर्शक बने हुए थे। जान से मारने की मिली धमकी के बाद शिकायत पर कप्तान मलिक को पुलिस सुरक्षा उपलब्ध कराई गई है। गौरतलब है कि वृक्ष प्राधिकरण की पिछली बैठक में आरे के 2700 पेड़ों को काटने के प्रस्ताव को भाजपा के अलावा राकांपा के कप्तान मलिक ने समर्थन दिया था एवं कांग्रेस के सदस्यों ने इस बैठक का बहिष्कार किया था। जिस वजह से शिवसेना के विरोध के बावजूद प्रस्ताव मंजूर हो गया था। उस समय स्थाई समिति अध्यक्ष जाधव ने अपने गुस्से का इजहार प्राधिकरण के विशेषज्ञ सदस्यों पर किया था और उन पर भ्रष्टाचार का भी आरोप लगाया था। गुरूवार को बैठक शुरू होते ही जाधव सहित शिवसेना के अन्य सदस्यों ने नगरसेवक कप्तान मलिक चोर है ,राष्ट्रवादी कांग्रेस चोर है का नारा लगाने लगे। जिसका जवाब कप्तान मलिक ने भी दिया। इस नोंक - झोंक के दौरान बाहर देख लेने की धमकी भी दी गई। शोर शराबे के बीच प्राधिकरण की बैठक स्थगित कर दी गई। विवाद को टालने के लिए मनपा आयुक्तमलिक को अपने साथ ले गए। वृक्ष प्राधिकरण की बैठक में हंगामे के बाद कप्तान मलिक ने पुलिस आयुक्त संजय बर्वे से मुलाकात कर शिकायत की। उन्होंने आयुक्तको बताया कि उन्हें शिवसेना से जान को खतरा है। पुलिस आयुक्तने कप्तान मलिक को पुलिस सुरक्षा उपलब्ध कराई है। दो पुलिस कर्मी 24 घंटे उनके साथ रहेंगे। वहीं मनपा स्थाई समिति अध्यक्ष यशवंत जाधव ने गालीगलौज के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि हमने गाली नहीं दी।

# आचार संहिता से पहले ठाणेकरों को बड़ा तोहफा



**ठाणे :** राज्य सरकार से क्लस्टर को मंजूरी दिए जाने के करीब 5 साल बाद ठाणेकरों का सपना बुधवार को उस समय साकार हुआ, जब ठाणे मनपा प्रशासन ने शहर के वागले इस्टेट परिसर में क्लस्टर के तहत प्रस्तावित दो परियोजनाओं को मंजूरी दी। आगामी विधानसभा की चुनावी आचार संहिता लगने के पूर्व इसे मूर्त रूप देने के लिए एकनाथ शिंदे ने एड़ी-चोटी का जोर लगाया था।

बता दें कि यह जिले के पालकमंत्री एकनाथ शिंदे की महत्वाकांक्षी परियोजना है और वागले इस्टेट परिसर उनके चुनाव क्षेत्र का हिस्सा है।

एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में परियोजना के बारे में मनपा आयुक्त संजीव जायसवाल ने शहर में प्रस्तावित 6 में से दो परियोजनाओं को मंजूरी देने की बात कही। इस अवसर पर एकनाथ शिंदे, महापौर मीनाक्षी राजेंद्र शिंदे, मनपा सदन नेता नरेश म्हस्के सहित मनपा के कई पदाधिकारी और अधिकारी मौजूद थे।

## जाहीर सूचना



**अब्दुल हमीद हनीफ अन्सारी** इनका देहांत 20-10-2015 को हो गया। गाड़ी नं. MH04-FP-6938 मैं उनकी बेटी सुलताना बानो नाजीम शेख (बेटी) अपने नाम करवा रही हूं। यदि किसी को कोई भी आपत्ति है तो 15 दिन के अंदर आरटीओ ऑफिस या हमारे घर के पते पर संपर्क करें : घर का पता- न्यू आजाद चाल, हनुमान नगर, वडार पाडा, रोड नं.2, कांदिवली (पूर्व), मुंबई-400101.




श्री नरेंद्र मोदी
मा. प्रधानमंत्री

श्री देवेंद्र फडणवीस
मा. मुख्यमंत्री

## डेस्टीनेशन औद्योगिक महाराष्ट्र..

पिछले पांच वर्षों में, मेक इन इंडिया और मैग्नेटिक महाराष्ट्र जैसी पहलों ने औद्योगिक विकास के साथ-साथ रोजगार सृजन में भारी वृद्धि की है। कृषि आधारित उद्योगों पर जोर दिया गया। जबकि सूचना और प्रौद्योगिकी का उपयोग बढ़ने से इसके लिए उपलब्ध कुशल जनशक्ति ने उद्योग जगत् को लाभान्वित किया है। नये उद्योग के लिए पूरक वातावरण होने की वजह से रोबोटिक्स, एयरोस्पेस, बायोटेक्नॉलॉजी, स्वास्थ्य विज्ञान और इलेक्ट्रिक वाहन उद्योगों ने महाराष्ट्र को प्राथमिकता दी है।

**निवेशकों के लिए स्वर्ग:**

- महाराष्ट्र में कुल विदेशी निवेश का 30% हिस्सा है.
- स्टार्टअप इंडिया के पोर्टल पर महाराष्ट्र से सबसे अधिक स्टार्टअप का पंजीकरण.
- पुणे, नागपुर, औरंगाबाद, नासिक और अहमदनगर में 'प्रोटेक्शन हब'.
- बुटीबोरी (नागपुर), शेंद्रा (औरंगाबाद), नेवासा (अहमदनगर), लातूर, उस्मानाबाद, नांदेड़, चिपलून (रत्नागिरी) में 8 विशेष खाद्य प्रसंस्करण केंद्र।
- एक ही छत के नीचे, उद्यमियों के लिए समस्याओं का समाधान।
- मैत्री पोर्टल के माध्यम से विभिन्न लाइसेंस एक ही स्थान पर उपलब्ध। उद्योगों की स्थापना में महिलाओं के लिए विशेष रियायतें। एमआईडीसी
- में प्राथमिकता प्लॉट आवंटन, ऋण सुविधा और वित्तीय सहायता।
- स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए, 'मुख्यमंत्री रोजगार निर्मिती कार्यक्रम'।

**नई औद्योगिक नीति:**

- उद्योगों की वृद्धि के लिए तथा 'इज ऑफ डूइंग बिजनेस' की सफलता के लिए नई औद्योगिक रणनीति।
- छोटे और मध्यम उद्यमों के लिए प्रोत्साहन, जबकि महिलाओं, अनुसूचित जातियों, छोटे उद्योगों के लिए विशेष रियायतें।

**छोटे व्यवसायों को प्राथमिकता:**

- देश में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों की संख्या महाराष्ट्र में सबसे अधिक।
- 'मैग्नेटिक महाराष्ट्र कन्वर्जन' 2018 उपक्रम की वजह से लगभग 3,591 करोड़ रुपये का निवेश हुआ है। उनमें से कई उद्योग शुरु हुए।
- लघु और ग्रामोद्योग को प्रोत्साहन देने के लिए बीज मुद्रा योजना, डीआईसी ऋण योजना, उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम (ईडीटीपी), जिला पुरस्कार योजना और प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना।

**समूह विकास :**

- क्लस्टर (समूह) विकास पर अधिक जोर। पिंपरी चिंचवड़ क्षेत्र में ऑटो क्षेत्र के साथ संबद्ध 4000 से अधिक युनिट का क्लस्टर के रूप में विकास।
- अमरावती, ठाणे, कोल्हापुर, नागपुर, नासिक, पुणे और नंदुरबार में 11 टेक्सटाइल पार्क। 2000 कपड़ा व्यवसाय 2,417 मिलियन डॉलर के निवेश के साथ राज्य में आए।

**रोजगार मेले :**

- बालासाहेब ठाकरे रोजगार मेलों का आयोजन राज्य के विभिन्न हिस्सों में किया गया। इनमें लगभग 50 हजार युवक-युवतियों को रोजगार के अवसर।

सर्वोत्तम उपलब्धि
महाराष्ट्र का सम्मान



माहिती व जनसंपर्क महासंचालनालय, महाराष्ट्र शासन

आरओसी - २०१९-२० /क्र-५/C २७२३

# मुंबई में बड़े धूमधाम के साथ भगवान गणपति को श्रद्धालुओं ने दी बिदाई



(पृष्ठ १ का शेष...)

गणेश मंडलों द्वारा पुष्पगुच्छ, स्मृति चिन्ह, तुलसी का पेड, रामनामी दुपट्टा, बिस्किट पैकेट, सेव बुंदी का पैकेट, वडा-पाव, चॉकलेट, आईस्क्रीम के अलावा हर तरह-तरह का फल प्लेट में भरकर गणेश भक्तों को खाने को मुफ्त में दिया जा रहा था। इसके अलावा गणेश की प्रतिमा देकर सम्मानित किया जा रहा था। मालाड (पूर्व) शांताराम तालाब के पास आर.पी.आई. शिवसेना, भाजपा महायुति के महाराष्ट्र के व्यापारी आघाडी के अध्यक्ष पोपट सेठ घनवट की ओर से गणेश भक्तों को फरसाण वितरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संजय बोराडे, मनीष पटेल, भगवान धनराम रोडे, प्रविण मिसले, बाबूकिदंत सुरेश हुले, सोपान मुदगे, गोरख मदगे, समीर वालवे, गौतम खंकाल इत्यादि लोगों ने कार्यक्रम को सफल बनाया। ठीक इसी प्रकार वार्ड क्र. ४३ के मुंबई भाजपा मंत्री व नगरसेवक और प्रभाग समिति पी/उत्तर विभाग के अध्यक्ष विनोद मिश्रा ने मुफ्त में गणेश भक्तों को लगभग दस हजार वड़ा पाव बटवाये, इस पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. डी.आर. तिवारी मुन्ना सिंह, सुशील पाण्डेय, मगन भाई टाक, लालू सोनी, शैलेन्द्र दुबे भारती बेंडे,दरोगा तिवारी, धर्मेंद्र मिश्रा, संजय गुप्ता, रमेश शर्मा, तारा जयसवाल, तारा जायसवाल, इत्यादि कार्यकर्ता, पदाधिकारियों ने कार्यक्रम को सफल बनाया विनोद मिश्रा ने मंच पर आये राजनैतिक पार्टियों के नेताओं और सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकरी और पत्रकार, पुलिस अधिकारियों का पुष्पगुच्छ, शॉल, श्रीफल देकर स्वागत किया।

ठीक इसी प्रकार से दिंडोशी विधानसभा के अध्यक्ष राजन सिंह के द्वारा भव्य मंच का मंचन किया गया था उस मंच के माध्यम से सभी गणेश भक्तों को प्रसाद और मंडल को गजानन भगवान की मूर्ति व पुष्प गुच्छ देकर सम्मान किया जा रहा था, इस शुभ अवसर पर प्रभाग समिति के अध्यक्ष विनोद मिश्रा, नगरसेविका प्रतिभा हेमन्त शिंदे के अलावा भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी विजय मिश्रा, पप्पू सिंह, प्रदीप सिंह, संकेत नलावडे, आनंद सिंह, वकील भाई, जीतेन्द्र सिंह, अयोध्या पाठक, जगदीश मिश्रा, भारती बेडे, अपर्णा राऊत, अमृता थोरात, उपेन्द्र मणि पांडेय, नागेन्द्र मणि पाण्डेय, मैना पटेल के अलावा वर्ल्ड मण्डल जिला के पदाधिकारियों ने मिलकर बाप्पा की विदाई में अहम भूमिका निभाई।

इसी प्रकार शिवसेना दिंडोशी विधानसभा की तरफ से वरिष्ठ नेता आमदार सुनील प्रभु, साधना ताई माने, विष्णु सावंत, नगरसेविका विनया सावंत, नगरसेक एड. सुभाष वाटकर, आत्माराम चाचे, माजी नगरसेवक सुनिल गुजर, प्रशांत कदम, गणपत वारिसे, प्रियवंदना कदम के अलावा पुजा चौहान, प्रभाकर राणे, प्रदीप निकम, राजेंद्र वाघ, संदीप जाधव, कृष्णा देसाई, भाई परब इत्यादि शिवसैनिकों ने गणपति बाप्पा के ऊपर पुष्प की पंखुडियों से स्वागत करते हुए विदाई दी।

इसी प्रकार मुंबई भाजपा के जनरल सेक्रेटरी आर.यू.सिंह ने मालवणी फायर ब्रिगेड के पास मंच पर उपस्थित होकर गणेश भगवान व उनके भक्तों पर पुष्प की पंखुडियों की वर्षा करके सम्मान कर रहे थे। विश्व हिंदू परिषद मालाड (पश्चिम) देवकीनंदन जिंदल परशुराम दुबे, सहित रामलीला समिति के पदाधिकारी, आमदार, खासदार का स्वागत किया। सभी गणेश भक्तों को मुफ्त में पुरी-भाजी बांटने का काम चल रहा था। इसी तरह भारतीय विकास परिषद द्वारा वडा पाव का वितरण मार्वे रोड पर अध्यक्ष आनंद मिश्र के नेतृत्व में किया गया, जिसमें भारी संख्या में पत्रकार उपस्थित थे। इसी तरह भारतीय सेवा महासंघ मुंबई के पदाधिकारियों ने भायंदर, जैसल पार्क नालासोपारा, धानीव बाग, अचोले तालाब, मुंबई, जुहू के अलावा भिवंडी में गणेश भक्तो को बिस्कीट, फरसाण, पानी मुफ्त में वितरण किया गया। इसी प्रकार कांदिवली विधानसभा मुंबई भाजपा प्रवक्ता योगेश वर्मा ने भव्य मंच के द्वारा सभी गणेश भक्तों को पुष्प की पंखुडियों द्वारा स्वागत किया। उनके साथ आमदार अतुल भातखलकर, गंगाराम जमनानी, नगरसेविका दक्षा पटेल सहित भारी संख्या में भाजपा के पदाधिकारी उपस्थित थे। सभी अतिथियों को योगेश वर्मा ने भगवान गणेश की प्रतिमा व पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इसी प्रकार कांदिवली (पूर्व)में वडार पाडा, हनुमान मंदिर के पास कॉंग्रेस के पूर्व नगरसेवक राजपति यादव, मुंबई प्रदेश की महिला अध्यक्षा डॉ. अजंता यादव द्वारा मुफ्त शरबत के अलावा गणेश भक्तों को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया जा रहा था। इस मौके पर वार्ड, ब्लॉक, जिला, मुंबई प्रदेश के भारी संख्या में महिला,पुरुष पदाधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर ज्ञानभूषण त्रिपाठी, सुधीर गावडे, संजय पवार, पंडित मिथिलेश झा, सुभाष गुप्ता, थानाराम सोलंकी, मोतीलाल पाल, सैयद बुढन, धनुधारी यादव, छोटेलाल यादव, किशोर गावडे, साधना मिश्रा, मिनाराय अत्या ताई, मुन्नी अप्पा, कमला प्रजापति, सुजाता, पूनम सिंह आदि भारी संख्या में गणेश भक्त उपस्थित थे।

ठीक इसी प्रकार से मालाड पूर्व बस डिपो के पास उत्तर मुंबई जिला के अध्यक्ष हरिहर यादव के नेतृत्व में दस हजार वडापाव, बिस्टकीट, पानी की व्यवस्था गणेश भक्तों के लिए किया गया था। केंद्रीय सामाजिक न्याय राज्यमंत्री रामदास आठवले, आमदार अतुल भातखलकर, विनोद शेलार, राजेश बारोट, श्रीमती प्रभावती देवी हरिहर यादव के अलावा मेट्रो दिनांक की मुद्रक, प्रकाशक मंजू तिवारी, संपादक दीनानाथ तिवारी, आर.पी.आई. के पदाधिकारी शेट्टी बाई माने, महेंद्र राजभर, निलम यादव, गौरी सोनार, ओम प्रकाश यादव, मंगेश यादव, निलेश यादव, अर्जुन गुप्ता, अखिलेश यादव, आशिष सिंह, ईश्वर गायकवाड, दगडु लगाडे, नितिन डावरे, सुदन कांबळे, राजेश सिंह, शंकर सिंह, सर्जन राव सिरसाट, दिलीप चंदनशिवे, दिलिप विश्वकर्मा, मनोज गुप्ता, सूर्यभान मौर्या, हीरालाल यादव, मुन्ना भगत, वशिष्ट यादव, संतोष यादव, रामकेवल भगत, श्री विलास भगत, इंदल राजभर, अजय तलरेजा, सुभाष यादव, सर्वजीत सिंह, अमरेन्द्र यादव, बाबू एडगे, विष्णु रौदने, सुशीला अहिरे, तुफानी भगत, सुरेन्द्र सिंह, सुरेन्द्र यादव, जगमल यादव, अनिल कोकणे, मुंबई उपाध्यक्ष आर.पी.आय. बबन भालेराव, वार्ड अध्यक्ष के अलावा भारी संख्या में आर.पी.आय. कार्यकर्ता, पदाधिकारी कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मंच पर विराजमान थे।

ठीक इसी प्रकार से मुंबई प्रदेश युवक कॉंग्रेस के मीडिया को-ऑर्डिनेटर अमित तिवारी के अध्यक्षता में मालाड (पूर्व) स्टेशन के पास विशाल मंच के द्वारा गणेश भगवान पर पुष्प की पंखुडियों की वर्षा करके स्वागत कर रहे थे और गणेश मंडलों को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित कर रहे थे। श्री तिवारी के टीम ने ट्रॉफिक की समस्या को गंभीरता से लेते हुए पुलिस के साथ मिलकर सहयोग कर रहे थे। उपर्युक्त मंच पर कांग्रेस पार्टी के अलावा हर पार्टी के नेता समाजसेवक मिलने आये, सभी का अमित तिवारी ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कृष्णा यादव, चेतन महोबिया विकास यादव, विक्रम बुधोलिया, वरुण पाटील इत्यादि लोगों ने अहम भूमिका निभाई।

## ३० वर्षों से लागातार तिवारी परिवार गणेश भक्तों को वडापाव वितरित करती आ रही है - राम भाई पाल

(पृष्ठ १ का शेष...)

तिवारी परिवार ने एक मंच बनाकर गणेश भक्तों को गरमा गरम वडा पाव, चाय, लगातार ३० वर्ष से वितरित करते आ रहे है।

वितरण के दौरान आयोजक राम भाई पाल के साथ पूरा तिवारी परिवार से जुड़े लोग उपस्थित रहते हैं। यह वितरण का कार्य तीस वर्ष पहले बद्री विशाल तिवारी ने शुरू किया था और इसी काम को तिवारी परिवार पिछले तीस सालों से लगातार बड़ी तेजी के साथ आगे बढ़ाते आ रहा है। जहां पर हर राजनैतिक पार्टियों के नेता और सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी कार्यकर्ता भारी संख्या में उपस्थित होते हैं। जिसका तिवारी परिवार व कार्यक्रम के आयोजक राम भाई पाल और बद्री विशाल तिवारी द्वार शाल, श्रीफल, पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया जाता है। इस शुभ अवसर पर उपस्थित पत्रकारों ने कार्यक्रम के आयोजक राम भाई पाल से कई प्रश्न किये, जिसका श्री पाल ने पत्रकारों के प्रश्नों का उत्तर देते हुए कहा कि बद्री विशाल तिवारी, के छोटे पुत्र राजा तिवारी के जन्म से ही फ्री में वडापाव वितरण का कार्यक्रम शुरू हुआ। ३० वर्ष पहले बद्री विशाल तिवारी गणेश भक्तों को वडापाव फ्री में वितरित करने का बीज बोया था, वहीं आज हम सब मिलकर तीस वर्षों से एक छोटे वृक्ष की सेवा का कार्य करते आये हैं, जो बड़ा वटवृक्ष के रूप में परिवर्तित हो गया है। हम चाहते हैं कि हमारे बच्चे, हमारे पीछे कुछ न कुछ करें। हमारे नाम को रोशन करें। जैसे हमारे पूर्वज, पुरखे देखते होंगे कि उन्होंने हमारे लिए जो छोड़कर गये हैं, उसे हम सब आगे बढाने का काम कर रहे है। वैसे ही हम अपने बच्चों से अपेक्षा करते हैं कि हमारे बच्चे भी करें। धन के लोभ में न आयें। पत्रकारों के पूछे सवालों में उन्होंने आगे यह भी कहा कि जिस तरह से मैं सेना का सम्मान और एन.जी.ओ. का सम्मान किया, जिसमें आप लोगों का और मेरे परिवार का सहयोग मिला। अगर आप सब और परिवार का इसी तरह सहयोग मिला तो मैं और भी इसी प्रकार से हम कई अवार्ड वितरण का कार्यक्रम करेंगे, जिसमें आप लोगों का विशेष सहयोग चाहिए।

जब पत्रकारों ने बद्री विशाल तिवारी से सवाल किया तो उन्होंने तिवारी परिवार की तरफ से सभी गणेश भ्तों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हर समाज के लोग मिलकर सहयोग करते हैं और उन्हीं के प्रेरणा से यह सब हो रहा है। मेरी बाप्पा से विनती है कि गणेश भक्तों का सेवाभाव कार्य हमेशा चलता रहे।


इस मौके पर उपस्थित गुरुजी हर हर महादेव ने पत्रकारों को बताया कि हमें यहां आने पर ऐसा लगता है कि पूरे मुंबई से बढ़कर यहां का अनुभव ही अलग है। यहां पिछले ३० वर्षों से बद्री विशाल तिवारी के साथ ही साथ राम भाई पाल, राजेश भाई, अभिषेक तिवारी, कृष्णा चौहान, राजेद्र पाल, संगीता पाल, निशा तिवारी, राजा तिवारी, सुषमा पांडेय इत्यादि लोगों की उपस्थिति में लाखों वडापाव वितरित किया जाता है और इसके अलावा इस मंच पर गणेश भक्तों के अलावा आमदार, खासदार, नगरसेवक और समाज सेवकों का सम्मान आयोजकों द्वारा सम्मान पूर्वक किया जाता है।

इस कार्यक्रम में अहम भूमिका निभाने वाले तिवारी परिवार के बड़े पुत्र राजेश भाई ने पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहा है कि ये सेवा भाव की प्रेरणा बद्री विशाल तिवारी से मिला, जिन्होंने आज से तीस वर्ष पहले गरमा गरम वडा पाव गणेश भक्तों को बांटना शुरू किया, जो आज निरंतर हर वर्ष बाप्पा के कृपा से चलता आ रहा है। जब तक भगवान की कृपा हम सब के ऊपर बनी रहेगी, हम सब मिलकर आगे लेकर चलते रहेंगे।

उन्होंने आगे यह भी कहा कि हमे गर्व होता है जब पूरा परिवार एक साथ आता है। बड़े उत्साह के साथ ऐसा कार्य करते हैं और हमारे जो बड़े हैं, हम उनसे हमेशा कुछ न कुछ सीखते ही रहते हैं। उन्होंने राजनैतिक, सामाजिक, क्षेत्र में जो कुछ बनाया है या कर रहे हैं वह हमें विरासत में मिली है, उसे हम आगे लेकर जायें, भगवान हमें इस काबिल बनाये कि हम उनसे कुछ सीख सकें और आगे लेकर जायें।

गौरतलब है कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष तिवारी परिवार ने गणेश भक्तों को वडापाव, चाय के अलावा, पूरा कार्यक्रम टी.वी. पर लाईव प्रसारित किया जा रहा था, जिसका आनंद तिवारी परिवार से जुड़े लोगों के अलावा सभी मंडलों के पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं सभी भक्तगण ले रहे थे। इस मौके पर तिवारी परिवार के प्रमुख कैलाश तिवारी, मुन्ना तिवारी, पत्रकार दीनानाथ तिवारी, मेट्रो दिनांक की मुद्रक प्रकाशक मंजू तिवारी, विकास शुक्ला, शिवशंकर शुक्ला, तृप्ती तिवारी, आनंद तिवारी, पुष्पा तिवारी, धर्मेंद्र तिवारी, देवेंद्र तिवारी, जयप्रकाश तिवारी, कृपाशंकर पाडेंय, लालचंद तिवारी, दिनेश तिवारी, द्वारिका प्रसाद दुबे, वरिष्ठ पत्रकार शैलेन्द्र श्रीवास्तव, श्याम बिहारी पांडेय, आर. आर. मिश्रा, भुषण तिवारी, बालकृष्ण तिवारी, सोनू-मोनू, छोटेलाल तिवारी, कुमारी प्रतिष्ठा, राजेश पाल, इन्द्र प्रकाश तिवारी के अलावा भारी संख्या में महिलाएं भी इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए उपस्थित थी।







मुद्रक, प्रकाशक - मंजू दीनानाथ तिवारी, स्वामी एवं संपादक- दीनानाथ एम. तिवारी द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस गाला नं.3-4, अमीन इंडस्ट्रीयल इस्टेट, सोनावाला क्रॉस रोड नं.2, गोरेगांव ( पूर्व ), मुंबई- 63 से मुद्रित तथा जय बजरंगबली चाल कमेटी, गांधी नगर, कुरार विलेज, मालाड ( पूर्व ), मुंबई-97 से प्रकाशित। संपादक- दीनानाथ एम. तिवारी Mob. : 9004162915 / 70391 43986
RNI.No.:MAHHIN/2009/35355 संपर्क : टेलीफैक्स 022-29656280, मो. 9821287905, 9322248353-9167009629 Email : metrodinank@gmail.com